18.02.2026 आकाशवाणी मध्यप्रदेश 7.10PM

प्रादेशिक समाचार

## मुख्य समाचार

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज वैश्विक नेताओं से तकनीकी सहयोग पर चर्चा की।
- मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने की बजट की सराहना ; बोले— कोई नया टैक्स नहीं लगाया गया है।
- केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव बोले—भारत को विकसित बनाने में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस बनेगा ताकत ।
- कूनो नेशनल पार्क में मादा चीता 'गामिनी' ने दिया तीन शावकों को जन्म।

## प्रधानमंत्री- द्विपक्षीय बैठकें

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज नई दिल्ली के हैदराबाद हाउस में कई विश्व नेताओं के साथ महत्वपूर्ण द्विपक्षीय बैठकें कीं। यह मुलाकातें भारत एआई इम्पैक्ट शिखर सम्मेलन के इतर आयोजित हुईं, जिसका उद्देश्य डिजिटल नवाचार और एआई के क्षेत्र में वैश्विक साझेदारी को मजबूत करना है।प्रधानमंत्री ने स्पेन के राष्ट्रपति पेद्रो सांचेज़ के साथ व्यापार, स्वास्थ्य और जलवायु परिवर्तन पर चर्चा की, वहीं फिनलैंड के प्रधानमंत्री आंत्ति पेत्तरी ओरपो के साथ एआई अनुसंधान और नैतिक नवाचार पर मंथन किया। श्री मोदी ने सर्बिया और एस्टोनिया के राष्ट्रपतियों के साथ भी संबंधों की समीक्षा की। इस कूटनीतिक हलचल के बीच, पीएम मोदी ने गूगल के सीईओ सुंदर पिचाई से भी मुलाकात की, जिसमें भारतीय पेशेवरों और एआई के भविष्य पर चर्चा हुई ।

## बजट

वित्त मंत्री जगदीश देवड़ा ने आज 4 लाख 38 हजार करोड़ का बजट विधानसभा में पेश किया है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बजट को 'समृद्ध और संपन्न मध्यप्रदेश' का आधार बताया है। मध्यप्रदेश 'रोलिंग बजट' पेश करने वाला देश का पहला राज्य बन गया है, जो अगले 3 सालों का विकास तय करेगा। इस बजट का मूल मंत्र है गरीब, युवा, अन्नदाता और नारी शक्ति के साथ इंडस्ट्री और इंफ्रास्ट्रक्चर का मेल। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया है कि प्रदेश की जनता पर कोई नया टैक्स नहीं लगाया गया है। श्री यादव ने मीडिया से बात चीत में बताया कि किसान कल्याण वर्ष में विभिन्न योजनाओं एवं प्रावधानों के अंतर्गत ₹1,15,013 करोड़ की ऐतिहासिक धनराशि का प्रबंधन किया गया है।

बजट में लाड़ली बहनों के लिए 23 हजार 883 करोड़ का प्रावधान है। पहली बार अधोसंरचना के लिए एक लाख करोड़ से ज्यादा की राशि रखी गई है। साथ ही, बच्चों के लिए यशोदा दुग्ध योजना और शहरों के लिए द्वारका योजना जैसे बड़े ऐलान किए गए हैं। डॉ. यादव ने इसे 'अमृतकाल 2047' के सपनों को सच करने वाला बजट बताया है।

## फसल बीमा योजना

केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के 10 वर्ष पूर्ण होने पर इसे किसानों के लिए सशक्त सुरक्षा कवच बताया है। उन्होंने कहा कि प्राकृतिक आपदाओं और मौसम की अनिश्चितताओं के बीच यह योजना किसानों को भरोसेमंद संरक्षण प्रदान कर रही है। चौहान ने कहा कि डिजिटल मूल्यांकन और शीघ्र दावा निपटान के माध्यम से योजना किसान-केंद्रित सिद्ध हुई है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में इस योजना को किसानों की आय सुरक्षा और आत्मनिर्भर कृषि की दिशा में ऐतिहासिक कदम बताया।

वैष्णव-एआई शिखर सम्मेलन

इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने विनिर्माण अभियांत्रिकी प्रौद्योगिकी के लिए भारत की आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस प्राथमिकताओं की रूपरेखा प्रस्तुत की है। उन्होंने नई दिल्ली में आज इंडिया एआई इम्पैक्ट शिखर सम्मेलन के दौरान उद्योग जगत के प्रतिनिधियों, वैश्विक शिक्षाविदों, नीति निर्माताओं और प्रौद्योगिकी विशेषज्ञों की एक महत्वपूर्ण बैठक की अध्यक्षता की। श्री वैष्णव ने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस भारत के एक विकसित राष्ट्र बनने की यात्रा का एक आधारभूत स्तंभ है। उन्होंने कहा कि विनिर्माण अभियांत्रिकी प्रौद्योगिकी में एआई को एकीकृत करके भारत उत्पादकता बढ़ा सकता है, प्रतिस्पर्धा को मजबूत कर सकता है और नवाचार तथा उद्यमिता के नए अवसर खोल सकता है।

किसान सम्मेलन

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने ग्वालियर जिले के ग्राम कुलैथ में 'कृषक कल्याण वर्ष' के पहले राज्य स्तरीय किसान सम्मेलन का शुभारंभ किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने ग्वालियर को 87 करोड़ रुपये से अधिक की सौगात देते हुए 41 विकास कार्यों का लोकार्पण और भूमि-पूजन किया। सम्मेलन से पहले मुख्यमंत्री ने एक विशाल रोड शो के जरिए जनता का अभिवादन स्वीकार किया और उन्नत खेती पर आधारित प्रदर्शनी का अवलोकन कर आधुनिक कृषि नवाचारों की सराहना की। डॉ. यादव ने स्पष्ट किया कि उनकी सरकार का लक्ष्य खेती के साथ - साथ दुग्ध उत्पादन में भी वृद्धि लाना है।

इसी कड़ी में प्रगतिशील किसानों को हितलाभ भी वितरित किए गए।

कूनो नेशनल पार्क- शावक

कूनो नेशनल पार्क में आज 18 फरवरी को मादा चीता 'गामिनी' ने तीन स्वस्थ शावकों को जन्म दिया है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने यह खुशखबरी साझा करते हुए बताया कि अब देश में चीतों की कुल संख्या बढ़कर 38 हो गई है। खास बात यह है कि गामिनी कूनो में दूसरी बार माँ बनी है और भारत की धरती पर जन्मे जीवित शावकों की संख्या अब 27 पहुँच चुकी है। केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव ने इसे 'प्रोजेक्ट चीता' की बड़ी सफलता बताया है। साथ हि बता दें की आगामी 28 फरवरी को बोत्सवाना से 8 और चीते भारत लाए जा रहे हैं।

## मौसम

मौसम विभाग ने प्रदेश के 22 जिलों में बारिश, आंधी और गरज-चमक का अलर्ट जारी किया गया है। वहीं इंदौर, उज्जैन, ग्वालियर समेत कई जिलों में तेज हवाएं चलने और बादल छाए रहने की संभावना जताई है। राजधानी भोपाल सहित कई शहरों में तापमान में हल्की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। कल ग्वालियर-चंबल संभाग में हल्की बारिश के आसार हैं। नागरिकों को खराब मौसम के दौरान सतर्क रहने की सलाह दी गई है।

## क्रिकेट

टी20 क्रिकेट वर्ल्ड कप के अहम मुकाबले में आज कोलंबो में पाकिस्तान ने नामीबिया को 102 रनों के अंतर से शिकस्त दी है। पहले बल्लेबाजी करते हुए पाकिस्तान ने साहिबजादा फरहान के शानदार नाबाद शतक की बदौलत 20 ओवर में 199 रन बनाए। जवाब में नामीबिया की टीम पाकिस्तानी गेंदबाजों के सामने टिक नहीं पाई और पूरी टीम महज 97 रनों पर ढेर हो गई। आज अहमदाबाद के नरेन्द्र मोदी स्टेडियम में मेज़बान भारत का सामना नीदरलैंड से हो रहा है। भाारत ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी चुनी है। कप्तान सूर्यकुमार यादव की अगुवाई में भारत पहले ही सुपर-8 के लिए क्वालीफाई कर चुका है

## समाचार संक्षेप में ....

- शिवपुरी जिले में सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम एवं कौशल विकास तथा रोजगार विभाग के निर्देशन 26 फरवरी को युवा संगम कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा ।

- गुना में आज जिला स्तरीय ओलंपियाड प्रतियोगिता के चयनित विद्यार्थियों के सम्मान में सम्मान समारोह आयोजित किया गया।

- नर्मदापुरम जिले में शुरू हुए दस्तक अभियान का द्वितीय चरण के पहले दिन 8 हजार 992 बच्चों को विटामिन ए की खुराक दी गई।

- खंडवा जिले के छैगांवमाखन में आयोजित स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा बैठक में कलेक्टर ने संस्थागत प्रसव बढ़ाने और गर्भवती महिलाओं की नियमित जांच सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

- सीहोर जिले के इछावर थाना क्षेत्र के खजुरिया घेंघी गांव में कुएं में डूबने से दो सगे भाइयों की मौत हो गई।

- बैतूल कलेक्टर ने सीएम हेल्पलाइन में शिकायतों के निराकरण में लापरवाही सामने आने पर सख्त रुख अपनाया है। उन्होंने समय-सीमा के भीतर शिकायतें अटेंड नहीं करने पर जिले के 28 अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किए हैं।

- शिवपुरी में आज मौसम बदला और रिमझिम बारिश के बीच एकाएक ठंड बढ़ गई। न्यूनतम तापमान में भी गिरावट दर्ज की गई है।

------------------------------